हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 7 सितंबर 2025


तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

12 संयुक्त ग्राम विकास समिति ने किया शिक्षकों का...



12 समाज एवं देश निर्माण में शिक्षकों का महत्वपूर्ण ...





## खबर संक्षेप

### सब स्टेशन ऑपरेटर से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम चिमरकेल में विद्युत सब स्टेशन ऑपरेटर से मारपीट के मामले में बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी दुष्यंत साव निवासी ग्राम देवरी ने बताया कि वह विद्युत सब स्टेशन 33/11 ग्राम चिमरकेल में सब स्टेशन ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। 2 सितंबर को वह सब स्टेशन में था। शाम करीबन 7 बजे ग्राम चिमरकेल निवासी बल्लू सिदार पिता पटू सिदार, युवराज सिदार पिता गोरेलाल सिदार, प्रकाश साव पिता श्यामलाल साव, पदुमदास पिता ज्ञानदास वहां आए और विद्युत परमिट देने के नाम पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### खेत से सोलर पंप का सामान चोरी

**महासमुंद।** बेमचा स्थित खेत में लगे सोलर पंप के सामानों की चोरी के मामले में सिटी कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को चंद्रकला मार्कंडेय निवासी न्यू सिविल लाईन मचेवा ने बताया कि उसके नाम पर ग्राम बेमचा खदराही खार में जमीन स्थित है। जहां पर किसानी कार्य हेतु सौर सुजला योजना के तहत सोलर पंप लगा हूआ था, जिसे दिनांक 01/08/25 से 02/08/25 के बीच किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया गया है।



### 15 दिनों का सामूहिक पितृ तर्पण कल से

**महासमुंद।** स्थानीय महामाया मंदिर समिति द्वारा 8 सितंबर सोमवार से सुबह 8 से 9 बजे तक सामूहिक पितृतर्पण का आयोजन महामाया घाट में किया जा रहा है। जिसमें नगर के कोई भी व्यक्ति इस कार्यक्रम में निःशुल्क शामिल होकर अपने पितरों को विधि पूर्वक तर्पण कर सकते है। नगर पुरोहित पं. पंकज तिवारी के सानिध्य में यह कार्यक्रम होगा। इस संबंध में श्री तिवारी ने बताया कि जलाशय, नदी में श्राद्ध पक्ष में अपने पूर्वजों को तर्पण करने का विधान रहा है। कलान्तर में यह गौण होकर रह गया है। साथ ही अनेक लोगों को विधि विधान भी नही मालूम जिसके कारण सामूहिक पितृ तर्पण का आयोजन निःशुल्क रूप से किया गया है जिससे पितरों के साथ ही जनसामान्य को भी संतुष्टि मिले और रीतिरिवाज से लोग परिचित हो। यह कार्यक्रम पूरे 15 दिनों का होगा।

# जपं घेराव की चेतावनी के बाद पहुंचा जांच दल, जिन पर आरोप, वे रहे नदारद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगरीपाली के पूर्व सरपंच अहिल्या बरिहा और पंचायत सचिव हजारीलाल कैवर्त पर ग्रामीणों द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार का आरोपों की जांच के लिए टीम पहुंची। पंचों और ग्रामीणों द्वारा जनपद पंचायत कार्यालय का घेराव की चेतावनी के बाद, 4 सितंबर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पिथौरा के आदेश द्वारा भौतिक सत्यापन करने बाबत शिकायत की जांच के लिए ग्राम पंचायत भवन डोंगरीपाली में जांच अधिकारी रामनारायण पटेल अविअग्राया सेवा, गुलाब प्रसाद सामल, जसवंत सिंह पैकरा एवं डीएल बरिहा, उपस्थित हुए। लेकिन इस बीच पंचायत सचिव हजारीलाल कैवर्त और पूर्व सरपंच अहिल्या बरिहा, अनुपस्थिति रहे। पंचों और ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोप के अनुसार पूर्व सरपंच अहिल्या बरिहा के कार्यकाल में लाखों रुपए का क्रय विक्रय किया गया है, और एक फर्जी फर्म साहू इंटरप्राइजेज (कथित प्रोपाईटरः दुलीकेशन साहू) को भुगतान कर दिया गया है। और काम एक भी नहीं किया है। अधिकारियों का कहना है कि पंचायत सचिव अवकाश में है। वहीं पंच खिरोद पटेल ने आरोप लगाते हुए कहा कि ये इनकी मिलीभगत पंचायत का लाखों रुपए डकार कर टाल मटोल किया जा रहा है। पूरे पंचायत को गुमराह कर रहे हैं, पंचायत सचिव और पूर्व सरपंच जांच से बचना चाहते हैं। जांच के दौरान वर्तमान सरपंच किरण साहू, उपसरपंच वीरेंद्र कुमार चौधरी, पंच खिरोद पटेल, पंच अमितेश बरिहा, एमडी सागर, चम्पत यादव, भुनेश्वर मलिक, तिलक पटेल, सोनाराम पटेल आदि मौजूद रहे।

## डोंगरीपाली के पूर्व सरपंच और सचिव पर ग्रामीणों ने लगाए आरोप

### पूर्व सरपंच के कार्यकाल के जांच की मांग

ग्रामीण एमडी सागर ने बताया कि कलेक्टर के समक्ष 08 मई को पूर्व सरपंच अहिल्या बारिहा के कार्यकाल में हुए समस्त योजनाओं के तहत किए गए कार्यों की तीन बिंदुओं में जांच की मांग की गई थी, लेकिन जनपद पंचायत पिथौरा द्वारा जानबूझकर जांच नहीं की गई। 2 से 3 बार पंचों के साथ भी जनपद सीईओ से मुलाकात करने पर यह आश्वासन दिया जाता रहा कि जांच अधिकारी समिति का गठन कर भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। लेकिन, कई माह बीतने के बाद भी समिति गठन नहीं किया गया। तब हम ग्रामवासी मजबूर होकर 11 सितंबर को जनपद पंचायत कार्यालय के घेराव की चेतावनी दी गई थी।



## अपराध : 1.35 लाख का 9 किलो गांजा जब्त किया गया

# गांजा का अवैध परिवहन कर रहे दो लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्कूटी के जरिए गांजा का अवैध परिवहन कर रहे दो लोगों को कोमाखान पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जांच नाका नर्रा पहुंचकर कार्रवाई की जा रही थी। इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि 2 व्यक्ति सवार एक नीले रंग की सुजुकी कंपनी की स्कूटी से गांजा का अवैध परिवहन करते हुए खरियार रोड कुर्रूमुडा ओडिशा राज्य की ओर से नर्रा महासमुंद की ओर आ रहे हैं।

कुछ देर उक्त स्कूटी आती दिखी, जिसे रोककर स्कूटी में बैठे ड्रायवर से संदेह के आधार पर पूछताछ किया गया, जिसने अपना नाम रमेश बाघ पिता सहदेव बाघ (20 साल) निवासी सिनापाली थाना नुवापाडा जिला नुवापाडा ओडिसा हाल पता भांठागांव रावतपुरा फेस नंबर 01 थाना टिकरापारा जिला रायपुर एवं स्कूटी के पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम देवेंद्र जगत पिता स्व कलीराम जगत (30 साल) निवासी वार्ड क्रमांक 34 जगन्नाथ नगर पंडरी थाना सिविल लाईन रायपुर जिला रायपुर का रहने वाला बताया तथा स्कूटी के सामने सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी के अंदर अवैध मादक पदार्थ गांजा रखना बताया।



### पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपी रमेश बाघ ने बताया कि वर्तमान में रायपुर भांठागांव रावतपुरा में रहकर रोजी मजदूरी व गांजा का पुडिया बनाकर अपने मोहल्ले में बेचने का काम करता है। गांजा खतम होने पर वह अपने पुराने गांव सिनापाली नुवापाड़ा अपने दोस्त देवेंद्र के साथ गया, जहां उसने पूर्व से राजा खरियार के आसपास जंगलों से थोड़ा-थोड़ा गांजा इकठ्ठा कर घर में रखा था, जिसे लेकर वह रायपुर ले जा रहा था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 9 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 1,35,000 रुपए, स्कूटी कीमत 60,000 रुपए मोबाइल बरामद कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## रेलवे से अनुमति मिलने का इंतजार

# बेलसोंडा में हो रहा ओवरब्रिज का निर्माण, जद में आए 35 विद्युत पोल विद्युत पोलों की शिफ्टिंग अटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यालय को राजधानी से जोड़ने वाले एनएच 353 में स्थित ग्राम बेलसोंडा में निर्माणाधीन ओवरब्रिज की सीमा में आने वाले बिजली के खंभों की शिफ्टिंग रेलवे से अनुमति नहीं मिलने के कारण अटकी हुई है। पटरी के नजदीक के वलोगों की शिफ्टिंग होने के बाद ही निर्माण कार्य में तेजी आएगी। इन समस्याओं के चलते निर्माण की गति धीमी है।

मिली जानकारी केअनुसार रेलवे से अनुमति मिलने के बाद भीतर से गई विद्युत लाइन शिफ्ट की जाएगी। इसके बाद ही पिलर के सामने से पोल हटाए जाएंगे। विद्युत विभाग से मिली जानकारी के अनुसार विद्युत पोल शिफ्टिंग अंतिम चरण में है। आस-पास स्थित ज्यादातर पोल हटाए जा चुके हैं। वहीं दूसरी ओर एक नई लाइन बिछाई गई है। रेलवे से अनुमति मिलने के बाद पुरानी लाइन को बंद कर नई विद्युत लाइन से विद्युत आपूर्ति प्रारंभ होगी।

मिली जानकारी के अनुसार लगभग 35 विद्युत पोल प्रभावित हुए हैं। विद्युत विभाग के ईई पीआर वर्मा ने बताया कि विद्युत लाइन शिफ्टिंग चल रही है। शिफ्टिंग का कार्य अंतिम चरण में है। नई विद्युत लाइन बिछाई गई है। नेशनल हाइवे के अधिकारियों ने बताया कि रेलवे से अनुमति मिलने के बाद शेष बचे विद्युत पोलों को भी हटा दिया जाएगा।



### 58 करोड़ की लागत से बन रहा ब्रिज

बेलसोंडा में ओवरब्रिज का निर्माण 58 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। वर्तमान में पिलर निर्माण कार्य तेजी है।

मेसर्स खलातकर कंस्ट्रक्शन इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेट नागपुर की कंपनी ब्रिज का निर्माण कार्य कर रही है। ब्रिज की कुल लंबाई 1230 मीटर है। पुल की लंगाई 72 मीटर और पुल की चौड़ाई 14 मीटर होगी। बेलसोंडा ओवरब्रिज निर्माण कार्य में तेजी आई है। ब्रिज को मार्च 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

ओवरब्रिज के साथ ही सर्विस रोड भी बनाया जाएगा। सर्विस रोड की लंबाई रायपुर की ओर से 1554 मीटर और महासमुंद की ओर से 736.424 मीटर होगा।

### क्रॉसिंग पर लग रहा लगातार जाम

रेलवे क्रासिंग पर प्रतिदिन जाम लग रहा है। आने-जाने के लिए दोनों क्रासिंग पर जाम लग जाता है। हर 15 मिनट में क्रासिंग बंद हो चता है। कई वाहन नांदगांव जाने वाले मार्ग पर जाते हैं। इस कारण वाहन क्रॉस करने में दिक्कत होती है। आरओबी निर्माण के बाद इस मार्ग पर आवागमन में सहूलियत होगी। दो फाटक बनने से कुछ राहत जरूर मिली है।



### हनुमान चालीसा पाठ कर सरकार को जगाया

**महासमुंद।** एनएचएम कर्मचारी संघ का अनिश्चित हड़ताल के 20 वें दिन जारी रहा। जिले के 550 एनएचएम अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हनुमान चालीसा का पाठ कर सरकार के सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना कर अपनी जायज़ मांग पे ग्रेड नियमितीकरण की मांग की। जिला अध्यक्ष राम गोपाल खूंटे ने बताया कि सरकार अपनी दमन कारी नीति अपनाई हुई है। कर्मचारी समेत आम जनता परेशान है, पिछली सरकार नियमितीकरण ग्रेड पे पर पहले ही फाइल प्रशासन को भेज चुकी है पिछली सरकार द्वारा नियति कारण और ग्रेड पे को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग तक पत्र प्रसारित किया जा चुका है। बस सरकार को हामी भरकर लागू करना है। लेकिन, सरकार कमेटी कमेटी खेल रही है। यह घटना कर्मचारियों के साथ-साथ आम जनता को भी गुमराह और परेशान करने वाली है। आगे की हमारी रणनीति सोमवार को हां सर बढ़िया नियमितीकरण कलश यात्रा मोदी की गारंटी के नाम पर आम जनता को सरकार की इच्छा शक्ति और कर्मचारियों के परेशान करने वाली समस्या को लेकर रैली के माध्यम से मोदी की गारंटी कलश यात्रा निकल जाएगी। सरकार अगर हमारी मांगों को इस तरह से अनदेखा कर कोई सकारात्मक पहल नहीं करती तो हम और उग्र होकर कम एक भूख हड़ताल से लेकर आमरण अनशन करेंगे। अगर सरकार फिर भी हमारी बातों को हमारी मांगों को नहीं मानती तो हम पूरे परिवार बच्चों समेत आंदोलन को और उग्र करेंगे।

# सफाई कर्मी हड़ताल पर, छात्रों से कराई गई स्कूली सफाई

## ग्रामीणों ने जताय विरोध, बीईओ बोले, जांच टीम भेजा जा रहा, होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

सफाई कर्मियों की गैरमौजूदगी में टीचरों ने बच्चों को सफाई कार्य में लगा दिया। सरायपाली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत कनकेबा के सरकारी स्कूल का यह नजारा देख ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने बताया कि पढ़ाई करने आए छोटे-छोटे बच्चों से ही कक्षा में रखे टेबल, कुर्सी और बेंच को बाहर निकलवाया गया और सफाई कराई गई।

ग्रामीणों का आरोप है कि यह काम स्कूल में पदस्थ शिक्षकों के कहने पर कराया गया। कनकेबा के पूर्व सरपंच बसंत पटेल, जितेंद्र पटेल सहित युवाओं और ग्रामीणों ने बताया कि घटना के समय बच्चे पढ़ाई छोड़कर फर्नीचर बाहर निकाल रहे थे और झाड़ू से सफाई कर रहे थे। इस पर अभिभावकों और गांव के युवाओं ने आपत्ति जताई। उनका कहना है कि बच्चों का समय पढ़ाई में लगना चाहिए, न कि सफाई जैसे कामों में। अभिभावकों ने सवाल उठाया कि आखिर किसके आदेश पर शिक्षकों ने बच्चों से यह काम करवाया। इनका कहना है कि यदि स्वीपर कर्मचारी हड़ताल पर हैं, तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन और शिक्षा विभाग की बनती है, न कि बच्चों पर बोझ डालने की।



### जांच होगी और कार्रवाई भीः बीईओ

इस मामले पर जब ब्लॉक शिक्षा मांझी अधिकारी (बीईओ) से बात की गई तो उन्होंने स्वीकार किया कि बच्चों से इस तरह का कार्य करवाना गलत है। उन्होंने कहा कि फिलहाल स्वीपर कर्मचारी हड़ताल पर हैं, जिसके कारण कई स्कूलों में साफ-सफाई की समस्या खड़ी हो गई है। बीईओ ने कहा कि शिकायत मिलते ही जांच के लिए टीम भेजी जा रही है और भरोसा दिलाया कि जांच पूरी होने के बाद दोषी शिक्षक या कर्मचारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल शिक्षा का मंदिर है, यहां बच्चों को पढ़ाई-लिखाई पर ध्यान दिया जाना चाहिए। यदि बच्चों से जबरन काम करवाया जाएगा तो उनकी पढ़ाई प्रभावित होगी और वे स्कूल आने से कतराने भी लग सकते हैं। यही नहीं, इस तरह की घटनाएं शिक्षा की गुणवत्ता पर भी सीधा असर डालती हैं। इस घटना के बाद अब स्थानीय लोग प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि बच्चों का भविष्य दांव पर नहीं लगाया जा सकता। यदि समय रहते इस तरह की गतिविधियों पर रोक नहीं लगाई गई, तो ग्रामीण बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे।

## विसर्जन के दौरान झूमते हुए जयघोष करते रहे लोग

# भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर सहित ग्रामीण अंचल में लोग पिछले 10 दिनों तक प्रथम पूज्य श्री गणेश की भक्ति में लीन रहे। इस दौरान घरों और पंडालो में प्रतिदिन पूजन-आरती के साथ ही भजन–मंडलियां भजन-कीर्तन करती रहीं। वहीं आज 7 अगस्त से पितृ पक्ष प्रारंभ होगा, साथ ही इस दिन चंद्रग्रहण भी रहेगा।

शनिवार से हवन- पूजन के बाद आज गणेश प्रतिमाओं का विर्सजन शुरू हुआ। बता दें कि 27 अगस्त से शुरू हुए गणेश उत्सव के दौरान शहर सहित ग्रामीण अंचलों में सार्वजनिक स्थानों पर पंडालों व घरों में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई।



इस दौरान पंडालों में श्री गणेश भजनों के साथ सुंदरकांड और श्री हनुमान चालीसा का भी पाठ समिति व भजन मंडलियों ने कराया । जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। शहर में हर शाम श्री गणेश के दर्शन के लिए शहर सहित ग्रामीण अंचल से बड़ी संख्या में भक्तजन पहुंच रहे थे। शनिवार से सभी गणेश पंडालों और घरों में हवन- पूजन का सिलसिला शुरू हुआ, जो आज भी जारी है। जिन्होंने शनिवार या आज सुबह हवन-पूजन कर लिया उन्होंने प्रतिमाओं का विर्सजन शुरू कर दिया है। इस दौरान 'गणपति बप्पा मोरिया , अगले बरस तू जल्दी आ' का जयघोष होता रहा। मालूम हो कि बड़ी प्रतिमाओं का विर्सजन समिति के सदस्य तुमाडबरी में करते हैं, वहीं घरों में विराजित प्रतिमाएँ आस-पास के तालाबों में विसर्जित की जाती है। विसर्जन के दौरान पुलिस बल तैनात रहता है। बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन आज

शहर के गंजपारा, बाजार वार्ड, पुराना रायपुर नाका, शंकर नगर, लोहिया चौक, अंबेडकर चौक, राम टॉकिज पारा में विशालकाय गणेश प्रतिमाओं के साथ साज-सज्जा ने लोगों का मन मोह लिया। जानकारी के अनुसार इन पंडालों में विराजित प्रतिमाओं का विसर्जन रविवार को होगा।

# चयनित अभ्यर्थियों का स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय के अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों में चयन उपरांत सम्मान जिला प्रशासन द्वारा जिला पंचायत के सभागार में किया गया। जिला समन्वयक डी बसंत कुमार साव ने बताया कि नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय से चयनित अभ्यर्थियों का शिक्षक दिवस पर स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से एसबीआई क्लर्क, छात्रावास अधीक्षक समिति प्रबंधक, सर्वेयर एवं नगर सेना, चयनित अभ्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बसना विधायक संपत अग्रवाल रहे।

इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, नपा उपाध्याय देवीचंद राठी, समाजसेवी संदीप दीवान उपस्थित रहे। सम्मानित होने वाले अभ्यर्थी हर्ष देवांगन, देवेंद्र निषाद, भावना गजेंद्र, प्रर्मिला मांडले, तेजेंद्र सिंह परिहार, कुलेश्वरी ध्रुव, लक्ष्मी पटेल, रितु चंद्राकर, आरती लहरे, सुरेखा, रीना ठाकुर, सोनल धीवर, दिनेश्वरी ध्रुव, हितेश ध्रुव, दीपा बरिहा, नीरा देवांगन, राखी पटेल शामिल है।

**खबर संक्षेप**

## कोलता समाज का नुआखाई मिलन समारोह आज रोहिना में

**सरायपाली (ग्रामीण)।** बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज संभाग रायपुर के कुल कार्यकारिणी सभा का नुआखाई मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन 7 सितंबर को ग्राम रोहिना शाखा सभा रोहिना में रखा गया है। सम्मेलन का शुभारंभ प्रातः 10 बजे जुगार यात्रा के साथ मां रामचंडी की विशेष पूजा अर्चना के साथ किया जाएगा। तत्पश्चात सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले उत्कृष्ट विद्यार्थी, कृषक, व्यापारी, खिलाड़ी, सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरणविद, मैकेनिक, चिकित्सक, वादक, गायक, शिक्षक, पुलिस, भूतपूर्व सैनिकों आदि का सम्मान किया जाएगा। अतिथियों के उद्बोधन पश्चात नुआखाई जुहार भेंट का कार्यक्रम होगा और अंत में सामूहिक भोज का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। शाखा सभापति वृंदावन साहू एवं मीडिया प्रभारी कमलेश साहू ने बताया कि रोहिना शाखा सभा में पहली बार नुआखाई मिलन समारोह का आयोजन हो रहा है। जिसको लेकर समाज के लोगों में काफी उत्साह है। समारोह को सफल बनाने के लिए समाज के लोग जुटे हुए हैं। कुल कार्यकारिणी अध्यक्ष गिरधारी साहू ने अधिक से अधिक संख्या में समाज जनों को भाग लेने की अपील की है।

## बेलटुकरी में एक व्यक्ति से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बेलटुकरी में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में तुमगांव थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी रूपेश ने बताया कि 5 सितंबर को वह ग्राम बेलटुकरी के किरण सतनामी के घर पास ट्रैक्टर जुताई का पैसा मांगने के लिए गया था, जिस पर किरण साहू एवं उसके पिता हीरू एवं उसके भाई ने पैसा नहीं देंगे जो करना है कर लो कहा। इसके बाद वह वापस अपने घर आ गया। शाम को घरेलू सामान खरीदने तुमगांव आ रहा था और अमावस मोड़ तालाब के पास भूपेंद्र सतनामी, किरण सतनामी एवं उसके भाई ने गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## अछरीडीह में शिक्षक दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**बिरकोनी।** शासकीय प्राथमिक शाला अछरीडीह में शिक्षक दिवस मनाया गया। सभी छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों को सम्मान स्वरूप गुलाल टीका लगाकर पेन एवं अन्य सामग्री भेंट किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश भक्ति गीत व बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ नाटक के साथ छत्तीसगढ़ी अरपा पैरी के धार पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रधान पाठक ईश्वर साहू ने कहा कि सदैव गुरुजनों एवं माता पिता का आदर करना चाहिए एवं सभी के लिए सदैव सम्मान का भाव रखना चाहिए। बिना गुरू के कोई भी व्यक्ति ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकता। शिक्षक ही देश का भविष्य बनाते हैं। लक्ष्य और श्रेष्ठ इंसान बनाने वाले शिक्षक ही सर्वश्रेष्ठ नागरिक होते है। शिक्षक खिलेश सोनबेर व राजेंद्र हनुमंता ने भी अपने विचार रखें। अनुष्का सोनवानी, वीरा, केशर, पल्लवी, डिम्पल, गीतांजलि, निधि आदि छात्रों ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक चंद्रहास साहू ने किया।

### स्कूल में हुए विविध आयोजन, छात्रों को दिए गए मार्गदर्शन

# वृंदावन विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



वृंदतावन विद्यालय में सर्वपल्ली डा राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर शिक्षक दिवस सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, भगवान कृष्ण एवं डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन की छायाचित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, अतिथि टीआर सेन, उप प्राचार्य इंदु मिश्रा, विशिष्ठ शिक्षिका अमृता चंद्राकर, पूर्व विशिष्ट शिक्षिका आशा ज्योति डोरा, एम रजनी, साधना राठौड़, और सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व आया दीदीयों का स्वागत फल व पुष्पगुच्छ से किया गया। इस पर्व पर संचालक एमआर विश्वनाथन ने कहा कि शिक्षक एक अच्छे राष्ट्र का निर्माता होता है और शिक्षक का स्थान सर्वोपरि है। संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने अपने उद्बोधन में गुरु के महत्व को बताया और छात्रों को अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए लक्ष्य निश्चित करने हेतु दिशा-निर्देश दिए। अतिथि टीआर सेन ने अपने उद्बोधन में गुरू के तीन स्तंभ शिक्षा, क्षमा, धैर्य को सूर्य के समान बताते हुए, गुरु के पदचिन्हों से प्रकाशित मार्गदर्शन को जीवन में सहज रूप से ग्रहण करने की बात कही। इसी कड़ी में शिक्षकों और छात्रों द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया। इसी परिपेक्ष्य में छात्रों द्वारा शिक्षकों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी गईं, जिसमें शिक्षकों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। तथा छात्रों द्वारा सुंदर नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध किया। शाला प्रबंधक व छात्रों की तरफ से अतिथि सहित सभी शिक्षक व आया दीदीयों को स्मृति चिन्ह सम्मान स्वरूप दिए गए। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 10वीं की छात्रा मौली पटेल व पूर्वा चंद्राकर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उर्मिला अग्निहोत्री, रेखा साहू, वर्षा चंद्राकर, भूमिका वर्मा, जागृति साहू,, संध्या सोना, शुभ्रा अग्रवाल, सुषमा साहू, प्रवीण साहू, होमेश साहू, रिंकी कुर्रे, चंदना सोनी, स्वाति ठाकुर, मीनाक्षी पांडे, अंशु यादव, मनीषा बावनकर, हेमलता वर्मा, संगीता साहू, आरती गुप्ता, हिना खान, अमन वर्मा, तुषार निर्वाण उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में छात्र शाला नायक ओजस घाड़गे एवं छात्रा शाला नायिका योगिता यादव ने शिक्षकों का आभार जताया।



## आरंभ पब्लिक स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस

**महासमुंद।** आरंभ पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस के मौके पर समस्त शिक्षकों का सम्मान करते हुए बच्चों द्वारा शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के संचालन मिलिंद चंद्राकर, प्रिया चंद्राकर, समीक्षा चंद्राकर उपस्थित थे। स्कूल के संचालन मिलिंद चंद्राकर ने डॉ सर्वपल्ली के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान पर चर्चा की। साथ ही बच्चों को शिक्षक दिवस के महत्व के बारे में बताया और और शिक्षकों को उनके अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद दिया। स्कूल के विद्यार्थियों ने शिक्षकों को पुष्प गुच्छ के साथ सम्मानित करते हुए काड्र्स और उपहार भेंट किए। तत्पश्चात गीत, भाषण एवं नृत्य प्रस्तुत किए, जिससे पूरा वातावरण भावात्मक और उल्लासपूर्ण हो गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शाला प्रमुख बालक भावेश बांधे, बालिका समृद्धि ध्रुव एवं ऋषभ राजभर, मोक्ष साहू, अर्शजीत साहू, लक्ष्य गुर्वेकर आदि का सहयोग रहा। शिक्षक भूपेंद्र चंद्राकर ने आभार जताया।

## राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका

**महासमुंद।** श्याम उमावि में शिक्षक दिवस हर्षोउल्लास पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम छात्र परिषद के पदाधिकारियों द्वारा प्रंबधन समिति के पदाधिकारियों एवं शिक्षकगणों का पुष्प गुच्छ से स्वागत उपरांत सरस्वती वंदना एवं पूजन से प्रारंभ कर अतिथिगणों का स्वागत उपरांत विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकगणों के लिए कुछ मनोरंजन कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में संस्थापक हेमंत चंद्राकर ने इस दिवस के उपलक्ष्य में अपने विचार रखे। सचिव तारा चंद्राकर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकार डाला। प्राचार्य तेजबहादुर सिंह ने अपने उद्बोधन में समाज राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की रूपरेखा अग्रिमा अग्रवाल व्याख्याता ने तैयार किया। कार्यक्रम समापन पूर्व समस्त शिक्षकगणों को श्रीफल एव साल भेंट किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य तेजबहादुर सिंह, प्रधानाचार्य मीना राजपूत, शिक्षकगण अग्रिमा अग्रवाल, गीतांजलि यादव, ऐश्वर्या साहू, अमित लामा, योगिता यादव, योगिता चौहान, कीर्ति यादव, मनीषा शर्मा, वंदना सेन, लोकेश्वरी सोनी, प्राची वैष्णव, रवीना पटेल आदि मौजूद रहे।



# राष्ट्रीय मॉडर्न पेंटाथलॉन में जिले के 5 खिलाड़ी शामिल, बिहार में आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मॉडर्न पेंटाथलॉन ऑफ इंडिया एवं बिहार मॉडर्न पेंटाथलॉन एसोसिएशन द्वारा 9वीं लेजर रन नेशनल चैंपियनशिप 2025 का आयोजन बेगूसराय बिहार में 4 से 7 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा। चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य से महासमुंद जिले के भोरिंग, तुमगांव से 05 खिलाड़ी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भागीदारी करने बुधवार को रवाना हुए। जिसमें सतीश कुमार मन्नाडे पिता चंद्रिका प्रसाद, ह्यूमेश निषाद पिता सोमनाथ निषाद, पंकज पिता मोतीलाल, लक्ष्य भोई पिता निमई भोई व महिला वर्ग में विजेता जोशी पिता भारत लाल जोशी शामिल हैं। चैंपियनशिप के इवेंट में खिलाड़ी निर्धारित कुल 3 किलोमीटर की दूरी दौड़ लगाएंगे एवं शूटिंग अलग अलग राउंड में करेंगे। इससे पहले विजेता जोशी ने मॉडर्न पेंटाथलॉन में 38 वीं नेशनल गेम्स उत्तराखंड में भागीदारी कर चुकी हैं।

नेशनल मॉडर्न पेंटाथलॉन बिहार में शामिल होने पर विधायक योगेश्वर राजू सिंहा, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू, सचिन भूतड़ा, शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, पंकज चंद्राकर, डॉ सुनील कुमार भोई, प्रमोद ठाकुर, दिलीप, उमेश ठाकुर, रवि धनगर, राकेश प्रधान, टी निंगराज रेड्डी, दिनेश तांडी, जगदीश धीवर, लिशांसु साहू, शुभांश शर्मा, ओंकार निषाद, अभिषेक नेहरू, सेवन साहू, प्रीतम साहू, निवेश मन्नाडे ने हर्ष जताया है।

## सोरिद स्कूल में मनाया गया शिक्षक सम्मान समारोह



**महासमुंद।** शासकीय हाई स्कूल सोरिद में शिक्षक दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम प्रभारी प्राचार्य सुखेंद्र द्विवेदी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने माता सरस्वती के तैल चित्र में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्रों ने हस्त निर्मित पुष्प गुच्छों से सभी शिक्षकों का स्वागत और अभिनंदन किया। सभी शिक्षकों ने अपने उद्बोधन में शिक्षक के महत्व को बताया।

सुखेंद्र द्विवेदी ने बताया कि शिक्षक का अपमान तो कोई भी कर जाता है। बात जब सम्मान की आती है तो बुलाने से नजर नहीं आते किंतु शिक्षक की पीड़ा को या तो कोई शिक्षक समझता है। या की कोई छात्र बेशक शिक्षक कोई ना रहा हो, लेकिन छात्र हर कोई रहता है। अर्थात शिक्षक की व्यथा को हर किसी को जानना ही चाहिए। कार्यक्रम का संचालन ओजस्वी द्विवेदी व कशिश ध्रुव कक्षा 10वीं के छात्राओं ने किया। अंत में छात्रों ने सभी शिक्षकों के लिए गेम का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक प्रकार के प्रश्न पूछे गए। सभी शिक्षकों ने यथायोग्य उत्तर दिया। इस अवसर पर प्राथमिक विभाग से प्रधान पाठक सीमा मानिकपुरी, सहायक शिक्षक तारकेश्वर साहू, सहायक शिक्षक गायत्री ठाकुर, पूर्व माध्यमिक शाला से शिक्षक सोहन साहू, शिक्षक शांतनु कुमार वर्मा, शिक्षक तारकेश्वरी मानिकपुरी, हाईस्कूल विभाग से व्याख्याता मंजू दीवान, व्याख्याता नेहा संगतानी, व्याख्याता पूजा श्रीवास्तव, व्याख्याता राम कुमार जांगड़े आदि मौजूद रहे। सभी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## जीएसटी कटौती का ढोंग: केंद्र की 'टू लेट' नीति से जनता ठगी गई, कांग्रेस की 'ग्रोथ सप्रेसिंग टैक्स'



**पिथौरा।** केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती और स्लैब को युक्तिसंगत बनाने की घोषणा को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस घोर छल और अवसरवादी कदम मानती है। यह निर्णय, जो केंद्र सरकार द्वारा जनता को राहत देने के नाम पर प्रचारित किया जा रहा है, वास्तव में आठ वर्षों की त्रुटिपूर्ण नीतियों का परिणाम है, जिसने आम जनता, मध्यम वर्ग, छोटे व्यापारियों और अर्थव्यवस्था को अपूरणीय क्षति पहुंचाई है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव ने इस संबंध में केंद्र सरकार की नीतियों और कार्यप्रणाली की कड़े शब्दों में निंदा की है। मुकेश यादव ने अपने बयान में कहा, मोदी सरकार ने जीएसटी को 'एक राष्ट्र, एक कर' के नाम पर लागू तो किया, किंतु इसे 'गब्बर सिंह टैक्स' में परिवर्तित कर दिया। 2016 में जब जीएसटी लागू किया गया, तब कांग्रेस ने स्पष्ट चेतावनी दी थी कि 18% से अधिक की दरें और जटिल स्लैब संरचना आम जनता और छोटे व्यापारियों पर भारी पड़ेगी। आज, आठ वर्षों की देरी के बाद, सरकार ने हमारी मांग को स्वीकार तो किया, किंतु यह स्वीकारोक्ति केवल और केवल आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के राजनीतिक लाभ के लिए प्रेरित है। यह जनता के साथ छल है।

# चयनित अभ्यर्थियों ने की विधायक से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नगर सेना के लिए फिजिकल अकादमी से चयनित अभ्यर्थियों ने शनिवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से मुलाकात की। विधायक सिन्हा ने सभी को इस उपलब्धि के लिए हर्ष जताया। साथ ही उनसे आगामी भविष्य के लिए चर्चा भी की। चयनित अभ्यर्थियों से उनके शैक्षणिक योग्यता की जानकारी ली। साथ ही उन्हें कहा कि सिर्फ यहीं नहीं रुकना है। मेहनत और लगन से आगे भी बड़े पद में चयनित होकर अपने माता पिता, गुरुजनों एवं जिले का नाम रौशन करना है। फिजिकल अकादमी के संचालक टिकेश्वर साहू ने बताया कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के संरक्षण में ही यह अकादमी युवाओं को एक केंद्रित ट्रेनिंग एवं मजबूत बनाने के लिए शुरू की गई थी, जिसका परिणाम बहुत ही सुखद रहा। विधायक सिन्हा स्वयं एवं टीम के माध्यम से लगातार अकादमी के गतिविधियों की जानकारी लेते रहते थे एवं सभी समस्याओं को दूर करते थे।

# महाविद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में शब्या पटेल (विभाग अध्यक्ष रसायन शास्त्र) के मार्गदर्शन में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

विभाग अध्यक्ष शब्या पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक दिवस केवल शिक्षक को याद करने का दिन नहीं है बल्कि उनके द्वारा दिए गए ज्ञान और मूल्यों को अपने जीवन में उतारने का, संकल्प लेने का दिन है।

पी बाघ ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके द्वारा बताए गए पांच सीख-ज्ञान के प्रति अटूट लगन, विनम्रता एवं सादगी, कठिन परिश्रम, सार्वभौमिकता व सहिष्णुता तथा चरित्र निर्माण के बारे में बताया गया। अनिल गुप्ता ने शिक्षक दिवस की महत्ता के बारे में बताते हुए रासायनिक अभिक्रिया में उत्प्रेरक की भूमिका के माध्यम से सकारात्मक सोच रखते हुए जीवन में आगे बढ़ने की टिप्स दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों की ओर से प्रियंका बारिक, सरिता स्वाई(एमएससी प्रथम सेमेस्टर) एवं प्रियंका करायत, गरिमा साहू (एमएससी तृतीय सेमेस्टर) ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा पुरोहित (एमएससी तृतीय सेमेस्टर) एवं आभार प्रदर्शन तुषार बढ़ाई (एमएससी तृतीय सेमेस्टर) ने किया।



## अग्रवाल समाज ने मुस्लिम समाज के लोगों का किया स्वागत

**महासमुंद।** बागबाहरा में निकली ईद मिलादुन्नबी के जुलूस का बागबाहरा अग्रवाल समाज ने मुख्य मार्ग में पहला स्वागत किया। अंकित ने बताया कि बागबाहरा अग्रवाल समाज के अध्यक्ष ऋषि अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, संजय अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, राहुल, कलश, राहुल अग्रवाल सहित समाज के इस समय समाज के सदर अमजद मेमन, हाजी गनी ख़ान, बशीर परमार, फ़िरोज ख़ान, शमीम ख़ान, अख्तर ख़ान, वारिश ख़ान, सिकंदर सिद्दीकी, यूनुस क़ुरैशी, सोहेल मेमन, अब्दुल, जैनुल, शाहजान पाशा, करीम ख़ान, शेख हामिद, रज्जा ख़ान सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

# इंटरनेशनल एशिया कप के लिए भारतीय टीम से खिलाड़ियों का हुआ चयन

**महासमुंद।** मुंबई में आयोजित होने वाली इंटरनेशनल एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम से खिलाड़ियों का चयन हुआ, जिन्हें खेल मंत्री द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ रेन्बुकान कराते डु संघ मास्टर नीलकंठ साहू ने बताया कि 3 सितंबर को नीलकंठ इंटरनेशनल कराते सेल्फ डिफेंस स्कूल बीटीआई रोड महासमुंद में ट्रायल मैच हुआ। मैच में महासमुंद सहित विभिन्न जिलों और राज्य के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जापान कराते एसोसिएशन से संबद्ध यह प्रतियोगिता बहुत भव्य है। जिसमें कई देशों के उत्कृष्ट कराते खिलाड़ी शामिल होंगे। जिसे ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों को 3 घंटे स्पेशल ट्रेनिंग दिया जा रहा है। प्रतियोगिता वर्ल्ड कराते फेडरेशन के मानक मापदंडों पर संपन्न होगी। चयनित खिलाड़ियों में ईशान साहू, निकुंज कुमार साहू, तुषार डडसेना, सौरभ ध्रुव, आयुष कृष्णदेव, हिमांशु देवांगन, जीवेश जायसवाल, कुशाग्र गायकवाड, नील बागची, हिमांशु नायक, रमेश ध्रुव, मेघराज ध्रुव, सतीश



निर्मलकर, नवीन भुवन, हरिश साहू का चयन भारतीय टीम से हुआ है। इनके चयन पर कराते मास्टर नीलकंठ साहू, शेखर साहू प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ नानबुडो फेडरेशन, खुशी साहू, एकता लहंगे, एसपी ध्रुव, एमएल ध्रुव अध्यक्ष छग अनुसुचित जनजाति संघ, तारिणी चंद्राकर, उत्तरा विदानी आदि ने हर्ष जताया है।

## झिटकी में 130 तेदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका का वितरण



**नर्रा।** छग शासन की महत्व कांशी योजना मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत झिटकी के 130 तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका का वितरण किया गया।

## नेत्रदान के लिए किया गया जागरूक

**सरायपाली (ग्रामीण)।** जिला अंधत्व निवारण समिति के तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया गया। जिसके तहत खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कुणाल नायक द्वारा नेत्रदान के संबंध बताया गया कि कोई भी स्वस्थ व्यक्ति नेत्रदान कर सकता है। नेत्रदान मृत्यु के 6 घंटे के भीतर आवश्यक होता है। जिसके लिए आयु लिंग जाति का बंधन नहीं है। नेत्रदान करने वाले व्यक्ति का की जानकारी गुप्त रखी जाती है एवं मृत्यु के 6 घंटे भीतर नेत्रदान आवश्यक होता है। नेत्रदान के संबंध में समाज में भ्रांति है कि नेत्रदान करने से व्यक्ति अगले जन्म में अंधा या आंख में विकृति के साथ पैदा होता है। हम सबको नेत्र दान के लिए लोगों को प्रेरित करना चाहिए, जिससे नेत्रहीन व्यक्ति के जीवन में प्रकाश आ सके। उपरोक्त जानकारी खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे ने दी है।

**खबर संक्षेप**

## यादव समाज का प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह आज

**महासमुंद।** यादव समाज का प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह 7 को रिसाली भिलाई में आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गजेंद्र यादव मंत्री छग शासन, अध्यक्षता जगनिक यादव प्रदेश अध्यक्ष, अति विशिष्ट अतिथि ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, विशिष्ट अतिथि भगत यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, राजू यादव प्रदेश अध्यक्ष राजनीति प्रकोष्ठ, प्रीतम यादव जिलाध्यक्ष महासमुंद आदि होंगे। यह कार्यक्रम दशहरा मैदान रिसाली भिलाई में होगा। समाज के मुखिया प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में झेरिया यादव समाज राज्य का सबसे बड़ा और संगठित तथा सशक्त समाज है और इस अवसर पर पूरे प्रदेश से समाजजनों की उपस्थिति इतिहास रचेगी। आयोजन समिति ने बताया कि इस समारोह को विशेष बनाने के लिए समाज की सांस्कृतिक धरोहर राउत नाचा तथा लोकगीतों की प्रस्तुतियां भी होंगी। पारंपरिक नृत्य और गीतों से यह आयोजन समाज की जड़ों और परंपरा को जीवंत करेगा। समिति का मानना है कि यह अवसर नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का भी एक अहम माध्यम बनेगा। समाज के वरिष्ठजन, महिला मंडल, युवा विंग और बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं। उम्मीद है कि यह कार्यक्रम सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक दृष्टि से एक ऐतिहासिक पड़ाव सिद्ध होगा। छत्तीसगढ़ के सभी जिला के यादव समाज समाज में मंत्री के अभिनंदन समारोह कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। यादव समाज के सभी वर्ग बड़ी संख्या में कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज करेंगे। समाज के प्रत्येक गांव, नगर, तहसील, शहर, परिक्षेत्र और जिला से अधिक से अधिक संख्या में समाजबंधुओं को शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है।

## गणेश पंडाल में रामायण पाठ का आयोजन आज

**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह स्थित भाठापारा चौक में विराजित यंग स्टार गणेशोत्सव समिति के तत्वावधान में 7 सितंबर को रामायण पाठ कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। जिसका शुभारंभ गणेश पूजा अर्चना के बाद किया जाएगा। जिसमें पहला मंडली जय बड़ादेव सहारा मानस मंडली अछरीडीह, रुद्र गगन मानस परिवार बिरकोनी, राम दूत मानस परिवार मोरधा महासमुंद द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। जिसमें सभी ग्रामवासियों को रामायण पाठ का आनंद लेने की अपील की है। शाम 6 बजे ग्राम के मुख्य मार्ग से ग्राम भ्रमण झांकी विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## ईद मिलादुन्नबी पर निकाला जुलूस

**बोइरगांव (कोमाखान)।** मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर कोमाखान में नबी का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। एक दूसरे को मुबारकबाद दिया गया। आम जनता को भी केक हवा वितरण किए गए। मुस्लिम समाज के लोग ने जुलूस निकालकर लोगों को बधाई दी।

# शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर तैयारी शुरू, आयोजन स्थल का लिया जायजा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा**

इस शारदीय नवरात्र पर्व पर नगर के शहीद भगत सिंह खेल मैदान में पहली बार होने जा रहे ऐतिहासिक एवं भव्य रास गरबा महोत्सव की तैयारी अब धीरे-धीरे तेज होने लगी है। जैसे-जैसे समय नजदीक आ रहा है, रास गरबा उत्सव समिति के समस्त संरक्षकगण, पदाधिकारीगण, सदस्यगण इस आयोजन को सफल बनाने में जुट गए हैं। लगातार रोज बैठकों का दौर भी जारी है तथा समस्त नगरवासी तथा ग्रामीणजन भी पिथौरा नगर में पहली बार हो रहे इतने बड़े आयोजन को लेकर उत्साहित हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार प्रचार प्रसार किया जा रहा है तथा रास गरबा डांडिया करने वाले बच्चे, बच्चियाँ एवं महिलाए माताएं बहनें भी अभी से साज सज्जा हेतु उत्साहित होकर जुट गए है। इस बार नगर का माहौल अभी से माँ दुर्गा को उपासना भक्ति के तैयार है। रास गरबा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सिन्हा, सम्पूर्ण कार्यक्रम के प्रभारी गोपाल शर्मा तथा कोषाध्यक्ष जतीन ठक्कर ने बताया कि 23 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चलने वाले महोत्सव हेतु आज हम सब समिति के संरक्षकगण अपनी पूरी टीम के साथ कार्यक्रम स्थल



पहुंचकर जगह का अवलोकन किए कार तथा मोटरसाइकल से आने जाने वालो को असुविधा ना हो, जिसके लिए पार्किंग की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हों, दर्शकों के लिए बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था रहे, प्रतिभागी तथा समस्त दर्शकों के लिए समिति की ओर से पानी एवं व्यवस्था होगी। कार्यक्रम के सह संयोजक विक्की सलूजा ने बताया कि एक तरह विशाल मंच बनेगा, जिसमें हमारे नगर के समाज प्रमुख, जनप्रतिनिधिगण, समाजसेवी तथा बाहर से आने वाले अतिथियों के बैठने की व्यवस्था रहेगी तथा मुख्य मंच के बाजू में एक और मंच बनेगा। जिसमें लाइव गरबा का प्रसारण होगा। सभी निर्णायक बाहर से आएंगे तथा कार्यक्रम संचालन के लिए भी रायपुर तथा अन्य जगहों से आमंत्रित किए गए हैं। कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण के दौरान रास गरबा उत्सव समिति के सदस्य उपस्थित थे। जिसमें प्रमुख रूप से संरक्षक ठाकुर अनंत सिंह वर्मा, प्रेम लाल सिन्हा, वीरेंद्र तिवारी, आशीष शर्मा, रास गरबा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सिन्हा, संपूर्ण कार्यक्रम प्रभारी गोपाल शर्मा, कार्यक्रम के संयोजक विक्की सलूजा, सह संयोजक विक्की ठक्कर, उपाध्यक्ष बबलू सोनी, अनिमेष डे, अंजय सिन्हा, कोषाध्यक्ष जतीन ठक्कर, सह कोषाध्यक्ष नरेंद्र डडसेना, सचिव भूपेन्द्र साहू, सह सचिव अंकित शर्मा, मोनू सलूजा, रवि आरके, उमर हसन, स्वतंत्र पांडेय, अभिनव मिश्रा उपस्थित थे।

**कार्यक्रम:** दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस

# लंबर में शिक्षक दिवस का आयोजन शिक्षकों का किया गया सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली**

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत जयंती व डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर में किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्याभूषण सतपथी सेवानिवृत्त प्राचार्य तोषगांव, कार्यक्रम की अध्यक्षता जीपी पटेल प्राचार्य, विशेष अतिथि फागुलाल बरिहा सेवानिवृत्त व्याख्याता, तिरीथराम पटेल सेवानिवृत्त प्रधानपाठक, पुरुषोत्तमलाल साहू सेवानिवृत्त प्रधानपाठक, अक्षय कुमार बाघ सेवानिवृत्त व्याख्याता, जीवराखन पटेल सेवानिवृत्त प्रधान पाठक थे।

सभी अतिथियों द्वारा डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन के छायाचित्र व मां सरस्वती, गणेश की




पूजा अर्चना कर विद्यालय परिसर में स्थित स्वामी विवेकानंद व महात्मा गांधी की प्रतिमा पर तिलक वंदन माल्यार्पण कर कार्यक्रम को शुभारम्भ किया गया।

मुख्य अतिथि सतपथी ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवनी को बताते हुए कहा कि उन्होंने शून्य से शिखर तक का सफर अपनी मेहनत, लगन, निष्ठा के साथ किया है, मेहनत का फल मीठा होता है इसलिए आप लोग कड़ी मेहनत कीजिए। सभा को सभी अतिथियों द्वारा बारी-बारी से संबोधित किया गया। छात्र-छात्राओं की ओर से सृष्टि राणा, तन्नू पटेल, विद्या साहू, देवकी चौहान, नीता पटेल, भारती यादव, अर्चना साहू, भारती साहू, ने गुरुवंदना, गुरुभक्ति, गुरुओं के महत्व के बारे में सुंदर प्रस्तुति दी। शिक्षक दिवस पर सभी अतिथियों को शॉल, फल, पेन, डायरी व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दुर्गा शिक्षण सेवा समिति के अध्यक्ष जीएस तोमर, कोषाध्यक्ष आरआर पटेल, सचिव मदन चौरसिया, सदस्य अंगद साहू, रामेश्वर सिदार, डॉ रमेश भोई, रोहित एवं विद्यालय के एमडी मानिकपुरी सीआर जायसवाल, एलके सिदार, टीआर जायसवाल, एफ एस बरिहा, खिरोद्र सिदार सभी को श्रीफल एवं पेन से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्रसंघ पदाधिकारी सृष्टि राणा, रश्मि साहू, वंदना साहू, दीपा जायसवाल एनएसएस दल नायिका, विक्की पटेल एनएसएस दल नायक, कृष्णकुमार पटेल, प्रशांत साहू, धनुर्जय वास, पवन बरिहा, ललिका वास, रिया साहू, विद्या साहू आदि का सहयोग रहा। संचालन आरके पटेल ने किया।

# पांच दिवसीय दिव्यांग प्रशिक्षण का हुआ समापन



**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**

शहर के नजदीकी ग्राम खैरा स्थिति संजय कानन के सामने शासकीय बहू विकलांग विशेष विद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय बांस से निर्मित हस्तकला सजावटी वस्तु के प्रशिक्षण का शनिवार को अंतिम दिवस रहा। यह आयोजन मुख्य रूप से समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक संगीता सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

समाज कल्याण विभाग एवं उन्नति दिव्यांग कल्याण संघ के संयुक्त तत्वाधान में दिव्यांग जनों को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य दिव्यांगों को भी सशक्त, आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार के मुख्य धारा से जोड़ा जाए। इस प्रशिक्षण में जिले के दिव्यांग साथियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया इस प्रशिक्षण में दिव्यांग साथियों ने बांस से निर्मित गुलदस्ता फूलदान टोकरी पेन स्टेन आदि बनाना सीखा। आयोजन में मुख्य रूप से समाज कल्याण विभाग अधिकारी वृंदावन पटेल उपस्थित रहे साथ ही उन्नति दिव्यांग कल्याण संघ के अध्यक्ष बुधराम साहू सचिव प्रीतम बंजारे, कोषाध्यक्ष कुमारी लच्छावंतीन साहू के अलावा प्रशिक्षणार्थी शिव टांडेकर, सविता निषाद, संजय परमार, लिकेश्वरी पटेल, यज्ञ नारायण पटेल, मन्नू विश्वकर्मा आदि की उपस्थिति रही। प्रशिक्षक के रूप में घासीराम उपस्थित रहे।

## खैरा के गणेश पंडाल में लगा भंडारा



**महासमुंद।** बाबा महाकाल गणेश उत्सव समिति वार्ड नंबर 1 ग्राम खैरा के तत्वावधान में गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। 5 सितंबर को समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया। कार्यक्रम में जय भोले समिति की महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन किया गया। इस अवसर पर गणेश विसर्जन की दिन विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। विसर्जन यात्रा में भक्तगण बाजे-गाजे, ढोल नगाड़ों और झांकी के साथ शामिल होंगे। कार्यक्रम में समिति की समस्त पदाधिकारीगण अमित साहू (अध्यक्ष), कमल साहू, राजकुमार बांसवार, आसाराम साहू, पूरन साहू, लोमस साहू, लेख राम साहू, विमल साहू, ढेलू राम कन्नौजे, गजेंद्र कनौजे, भूपेंद्र कनौजे, राजू बांसवार, दुर्गेश बांसवार, गोविंदा बांसवार, जितेंद्र बांसवार, जितेन सेन,जगमोहन सेन चालेंश साहू, पप्पू साहू, टीकम साहू, कलेश्वर साहू, युवराज साहू, मनीष साहू, राजीव साहू, लल्लू बांसवार, राजेंद्र बांसवार, बीज्जू यादव, मोहन साहू आदि मौजूद रहे।



## नयापारा कला में मनाया गया गणेशोत्सव

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम नयापारा कला में गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ग्राम के सरपंच शशि दीवान, उपसरपंच अग्नीबाई ध्रुव, गंगाराम दीवान, भोजराम ध्रुव, कुशाल सिंह ध्रुव, कुंभराज खेमू ध्रुव, घनश्याम पटेल, भागीरती दीवान, मिथलेश साहू, चैन लाल पटेल, हरिशंकर, राजू यादव, राजेश यादव, लीलाधर यादव, देवी सिंह ठाकुर, ताराबाई ध्रुव, ममता वैष्णवी, गंगाबाई बरिह, गोरी बाई ध्रुव ने गणेश प्रतिमा को लेकर गली भ्रमण किया गया। पश्चात तालाब में विसर्जन किया गया।

# जनता का विश्वास, स्नेह मेरी असली पूंजी: विनोद

**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चद्राकर का जन्मदिन 5 सितंबर को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चंद्राकर के गृह निवास जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लाक कांग्रेस कमेटी, एनएसयूआई युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों, शहर के नागरिकों, महासमुंद विधानसभा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व विधायक चंद्राकर से मुलाकात की गई। पश्चात साढ़े 5 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में भी ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व शहर के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने केक काटकर पूर्व विधायक का जन्मदिन मनाया। इस दौरान पंचायत सचिव संघ के




पदाधिकारी, शिक्षक संघ के कर्मचारीगण, एनएचएम संघ के पदाधिकारी, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी संघ के लोग उनके निवास आकर उन्हें जन्मदिन की बधाई प्रेषित की। पूर्व संसदीय सविच चंद्राकर ने कहा कि आप सभी का स्नेह, आशीर्वाद रूपी शुभकामनाएं मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। विधानसभा क्षेत्रवासियों के हित व जनसेवा के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूंगा। इस अवसर पर दाऊलाल चंद्राकर, मोहित ध्रुव, अश्वनी चंद्राकर, अंकित बागबाहरा, संजय शर्मा, मनोजकांत साहू, थनवार यादव, खिलावन बघेल, खिलावन साहू, ढेलू निषाद, राशि त्रिभुवन महिलांग, त्रिभुवन महिलांग, नितेंद्र बनर्जी, विजय साव, हीरा बंजारे, दिलीप जैन, सोमेश दवे, प्रदीप चंद्राकर, कमल प्रजापति, सुनील चंद्राकर, नुकेश चंद्राकर, गौरव चंद्राकर (जानी), निखिल चंद्राकर, सौरभ चंद्राकर, अमन चंद्राकर, विराज चंद्राकर, देवेश शर्मा, पुष्कर चंद्राकर, अविनाश चंद्राकर, चमन सिन्हा, सहित काफी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

### सोशल मीडिया पर भी मिली बधाई

दूरभाष एवं सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रदेश के पूर्व सीएम भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेसाध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, ताम्रध्वज साहू, शैलेश नितिन त्रिवेदी, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, सरायपाली विधायक चातुरी नंद, भुनेश्वर बघेल, पूर्व विधायक शकुंतला साहू, कुंवर सिंह निषाद, आशीष छाबड़ा, जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, युकां प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा आदि ने बधाई दी।

## मितानिनों के आंदोलन को कुचलने की गई चालानी कार्रवाई निंदनीय: सृष्टि



**महासमुंद।** मितानिनों के वाहनों पर की गई चालानी कार्रवाई की जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 के सदस्य सृष्टि चंद्राकर ने निंदा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा मितानिनों के जायज मांगों पर ध्यान देने की बजाय उन पर अनुचित कार्रवाई गई। जिससे मितानिनों को नेशनल हाइवे में जगह-जगह चक्काजाम जैसे कदम उठाने को विवश होना पड़ा। सृष्टि ने कहा कि मितानिन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाले वे कर्मचारी हैं, जो लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। लेकिन, सरकार उनकी मांगों को अनदेखा कर रही है। ऐसे में चालानी कार्रवाई के रूप में उन पर दबाव बनाना सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है। मितानिन केंद्र व राज्य सरकार के स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बनी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। सम्मानजन वेतन तथा शासन द्वारा कर्मचारियों को दी जाने वाली सुविधाओं के वे बराबर के हकदार हैं। ऐसे में अपनी मांगों को लेकर प्रदेश स्तरीय आंदोलन में शामिल होने जा रही जिले के मितानिनों को पुलिस द्वारा जगह-जगह रोका गया, जो न्याय संगत नहीं है। सृष्टि ने कहा कि यदि पुलिस प्रशासन ने नियमतः मितानिनों के वाहनों पर चालानी कार्रवाई की भी है तो उनकी यह कार्रवाई केवल एक ही दिन क्यों हुई। जब, वे रायपुर जा रही थीं। पुलिस प्रशासन व यातायात विभाग को प्रतिदिन ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई किया जाना चाहिए। मितानिनों के आंदोलन को कुचलने शासनादेश पर पुलिस द्वारा यह अनैतिक कार्य किया गया। आगामी समय में जिले के हजारों मितानिन सरकार को इस कार्रवाई का जवाब देगी।

# आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी महाविद्यालय में हुई जनभागीदारी समिति की प्रथम बैठक

**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु जनभागीदारी समिति की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सतपाल सिंह पाली ने की। उपाध्यक्ष के रूप में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के प्रतिनिधि मोहित अमला उपस्थित रहे।

महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ अनुसुइया अग्रवाल समिति के सचिव के रूप में उपस्थित थी। बैठक का शुभारंभ अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत से हुआ। तत्पश्चात समिति संयोजक प्रतिमा चंद्राकर ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ अग्रवाल ने एजेंडा के बिंदुओं पर



विस्तार से चर्चा करते हुए डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं स्वच्छक को मानदेय दिए जाने, स्वामी विवेकानंद साहित्य वितरण, मिनी स्टेडियम की फ्लड लाइट, बिजली बिल की समस्या, तृतीय वर्ष के छात्रों के लिए अध्ययन कक्ष की व्यवस्था, परिसर की बाउंड्री वॉल मरम्मत तथा नियमित भृत्य एवं चौकीदार की नियुक्ति जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य विषयों की ओर समिति का ध्यान आकर्षित करवाया और आग्रह किया कि महाविद्यालय के अच्छे परीक्षा परिणाम एवं श्रेष्ठ छवि के लिए महाविद्यालय हित में कार्य करना होगा। साथ ही प्राचार्य डॉ अग्रवाल ने समिति के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महाविद्यालय के विकास कार्यों में जनभागीदारी समिति का सहयोग हमेशा प्रेरणादायी रहा है। आप सभी की सहभागिता से संस्था निरंतर प्रगति कर रही है। सतपाल सिंह पाली ने कहा कि समिति की बैठकें आपसी सहयोग और पारदर्शिता का प्रतीक हैं। प्राचार्य द्वारा रखे गए सुझावों व समस्याओं का समाधान सामूहिक प्रयासों से शीघ्र ही किया जाएगा। उन्होंने महाविद्यालय के लिये नवीन भवन निर्माण के लिए शासन द्वारा ग्राम परसट्ठी में आवंटित भूमि के नामांतरण की भी जानकारी दी। जनभागीदारी समिति के सदस्यों में रितेश गोलछा, यतींद्र राव, उत्तरा प्रहरे, कौशल्या बंसल, राकेश श्रीवास्तव, अनुज पांडेय, नंदू जलक्षत्री, अमन वर्मा, खुशाल ठाकुर, अजय चोपड़ा उपस्थित रहे। बैठक में छात्र प्रतिनिधि के रूप में अक्षांश त्रिवेदी, उम्मेहानि, ईशु चंद्राकर ने भी अपनी बातें रखीं। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक रवि देवांगन एवं आभार प्रदर्शन वाणिज्य संकाय के प्राध्यापक तरुण कुमार बांधे ने किया। इस दौरान कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता डॉ ग्लैडिस एस मैथ्यू समाजशास्त्र, आलोक हिरवानी कंप्यूटर साइंस, चित्रेश बरेठ रसायन शास्त्र, खुशबू ग्रंथपाल, शेषनारायण साहू लैब टेक्नीशियन, जगतारण बघेल लैब टेक्नीशियन, नानक साहू मौजूद रहे।

# मर्यादा और सत्य की मूर्ति थे राम: अंकित



**महासमुंद।** खल्लारी विधानसभा के कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि खल्लारी विधानसभा के शहीदों के गौरव ग्राम बीकेबाहरा जो कि शहीद रूक्मणि बाई क्षत्रपाल जो कि जेल में ही शहीद हो गई थी और उनके पति शहीद महाराजी क्षत्रपाल ने भी जेल यात्रा की थी। अंकित ने ग्राम की मिट्टी को प्रणाम करते हुए कहा कि आज बहुत खुशी की बात है कि ग्राम में सहाड़ा देव और भगवान कृष्ण राधा की मूर्ति का अनावरण हुआ और उससे भी खुशी की बात है कि इस अवसर पर रामचरित मानस का पाठ हो रहा है और बड़ी संख्या में माताएं यहां उपस्थित हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक द्वारकाधीश यादव थे। अंकित ने कहा कि भगवान राम ने पितु मातु गुर प्रभु के बानी, बिनही विचार करिए शुभ जानी। यानी कहां तो तय था कि कल राज तिलक है और भगवान राम अयोध्या के राजा बनेंगे और कहां पिता माता की आज्ञा से बिना विचार किए 14 साल के वनवास चल दिए। सत्य के लिए रावण का वध किया। इस आयोजन में ग्राम के सरपंच खेमराज साहू, सरपंच पद्मिनी बांधे, सरपंच प्रतिनिधि द्वय मुकुंद सिन्हा, हीरादास टंडन, केशव साहू, फिरतु ठाकुर, शत्रुघ्न साहू, मनोहर पटेल, तुलसी साहू, रमेश तिवारी, नीलकंठ, देवसिंग ठाकुर, कुमार, पीलू सेन, पदुम साहू, मोहित साहू, हेमलाल सेन, शंकर बघेल, पंचूराम ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### सोसायटी अध्यक्षों का परिचय सम्मेलन

**बागबाहरा।** खल्लारी विधानसभा के सोसायटी प्राधिकृत(अध्यक्षों) का परिचय सम्मेलन चंडी मंदिर घुंचापाली बागबाहरा में हुआ। जिसमें प्राधिकृत (अध्यक्ष) मनोनीत होने के पश्चात प्रथम सम्मिलन में पांचो मंडल के सोसाइटी अध्यक्षों द्वारा भारत माता, चंडी माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं भारतीय जनता पार्टी के जय घोष के नारे लगाए। तत्पश्चात बारी-बारी से सभी अपना परिचय कृषि साख सहकारी समिति के साथ दिया। कार्यक्रम में लोचन पटेल, पुनीत राम सिन्हा, भुवन साहू, कला राम नायक, कमलेश ताण्डेय, कल्पना सिन्हा, हलधर प्रसाद चंद्राकर, विष्णु प्रसाद साहू, लिपलेश सिंह चक्रधारी, हुमन सेन, सीताराम ठाकुर, पदुम साहू, नंदकुमार निषाद, धरम सिंह दीवान, संजय साहू, तुकाराम राम चंद्राकर, गुलशन कुमार बघेल, चंद्रशेखर ध्रुव उपस्थित रहे।

### बेलसोंडा में डीजे डांस प्रतियोगिता आज

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोडा में 7 सितंबर को रात 8 बजे से डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन गणेश उत्सव समिति द्वारा बजरंग चौक ढीमर पारा में किया गया है। उक्त जानकारी सरपंच प्रतिनिधि त्रिभुवन धीवर ने दी है।



### दीपा ने बढ़ाया संकुल देवरी का मान

**बागबाहरा।** रजत जयंती वर्ष 2025 के लिउ उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह के लिए जिला स्तर पर दीपा महार का चयन होने पर संकुल प्राचार्य डीएस टंडन एवं संकुल समन्वयक मनोज चक्रधारी ने हर्ष जताया है। इस उपलब्धि पर संकुल केंद्र देवरी के समस्त शाला परिवार ने भी खुशी जाहिर की है। ईद मिलादुन्नबी पर निकाला जुलूस बोइरगांव (कोमाखान)। मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर कोमाखान में नबी का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया एवं नबी को याद किया गया। एक दूसरे को मुबारकबाद दिया गया। आम जनता को भी केक हवा वितरण किए गए। साथी बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग ने जुलूस निकालाकर लोगों को बधाई दी।



### जुलूस का भाजपाइयों ने किया स्वागत

**महासमुंद।** ईद मिलादुन्नबी पर्व हजरत पैगंबर साहब के जन्मदिवस पर आयोजिन जुलूस का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा ओवरब्रिज के नीचे स्वागत किया गया। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पूर्व पार्षद महेंद्र जैन, भाजपा शहर मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र चंद्राकर, हनीश बग्गा, पार्षद माखन पटेल, पांडुरंग मदनकार, महेंद्र सिक्का, शरद मराठा, रामेश्वर पटवा, भवानी यादव, गौरव राठी इत्यादि उपस्थित रहे।

## शिक्षक दिवस : परसुली संकुल केंद्र में ग्राम विकास समिति ने शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया

# संयुक्त ग्राम विकास समिति ने किया शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

ग्राम परसुली संकुल केंद्र परसुली में शिक्षक दिवस के एक दिन पूर्व संयुक्त ग्राम विकास समिति परसुली मुख्यालय के बैनर तले शिक्षक सम्मान कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें सर्वप्रथम भारत माता एवं सरस्वती माता तथा डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्ण के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ हुई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राधिकृत अध्यक्ष कलाराम नायक, विशेष अतिथि मूलचंद साहू, जलसिंग पांडे सरपंच ग्राम पंचायत परसुली, यादराम सिन्हा सरपंच प्रतिनिधि खट्टी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता पदुमलाल पटेल ने की। संयुक्त ग्राम विकास समिति गठन होने के पश्चात अपने दौर में हुए अंचल में शिक्षा का अभाव को देखते हुए अंचल के जागरूक व्यक्तियों से मिलकर इनमें से सबसे बड़ा योगदान वनांचल आदिवासी बाहुल्य ग्राम भालूकोना निवासी स्व. रामाजी मांझी का बहुत बड़ा योगदान बताया, जो कि वहां अपने निजी संपत्ति को शिक्षा के लिए लगा दिया। इस क्षेत्र में शिक्षा को ऊपर उठाने में श्रेय रामाजी मांझी को जाता है। साथ में परकोम निवासी स्व. रामनाथ चौधरी का भी बहुत ही योगदान दिया है। आर्थिक तंगी के चलते भी भवन निर्माण कर पूरे अंचल में समिति के द्वारा चंदा इकट्ठा करके स्कूल का संचालन किया गया। जो कि भगवान शिव को आराध्या मानकर बुढ़ादेव स्कूल का नामकरण किया गया। मध्यप्रदेश विभाजन पश्चात सन 2000 में छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. अजीत प्रमोद जोगी के परसुली आगमन पर संयुक्त ग्राम विकास समिति ने स्कूल की मांग किया था, इस पर शासन



प्रशासन से सहयोग मिला और मिडिल और हाईस्कूल का निर्माण किया गया बूढ़ादेव स्कूल से शिक्षा ग्रहण कर निकले विदर्थी जो आज शिक्षक बनकर जो आज सम्मानित हो रहे हैं। वह हमारे लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलाराम नायक ने अपने दिनों में शिक्षा के लिए हुए संकटों को याद करते हुए। बताया कि उफंती नदी नाले को पार कर कोमाखान स्कूल अध्ययन के लिए जाना पड़ता था। आज संयुक्त ग्राम विकास समिति के अथक प्रयासों से इस क्षेत्र में सुंदर शिक्षा व्यवस्था का लाभ बच्चों को मिल रहा है। मानव जीवन का सबसे बड़ा हथियार है। शिक्षा से ही आप सही दिशा एवं मार्ग का चयन कर समाज कल्याण में अपनी सहभागिता योगदान कर सकते हैं। आज के युग में शिक्षा अति महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का मंच संचालन जनपद सदस्य लोचन पटेल ने की। शिक्षक दिवस पर परसुली संकुल के सभी शिक्षकों का सम्मान श्रीफल, पेन एंव अंग वस्त्र भेंटकर किया गया। इस दौरान बूढ़ादेव हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्रभारी प्रधान पाठक मुकेश कुमार टांडेय ने शिक्षक के महत्व को साझा किया। इस दौरान परमेश्वर पटेल, लक्ष्मी चंद यादव, मुकेश पटेल, रुपधर साहू, धनेश साहू, तुकाराम यादव, देवेंद्र चक्रधारी, छबि लाल पटेल, रेखराम चक्रधारी आदि मौजूद रहे।



### फॉर्च्यून नेत्रहीन स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस

**बागबाहरा।** फॉर्च्यून नेत्रहीन विद्यालय में शिक्षक दिवस उत्साह और हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शाला प्रमुख निरंजन साहू एवं प्राचार्य रश्मि साहू द्वारा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। पश्चात विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें कविताएं, नृत्य, गीत एवं सम्मिलित रहीं। कई विद्यार्थियों ने भावपूर्ण शब्दों में शिक्षकों को अपने जीवन का मार्गदर्शक और प्रेरणा स्रोत बताया। शिक्षकगण लक्ष्मीप्रिया साहू, पुष्पलता पटेल, भूमिका यादव, लोकनाथ घृतलहरे, जगेंद्र तांडे, नरोत्तम बघेल, ललिता साहू, अविनेश कोसे एवं कर्मचारीगण ललिता नागेश, धनेश्वरी नागेश, देवकी यादव को विद्यार्थियों द्वारा श्रीफल और उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। पूरा वातावरण गुरु-शिष्य परंपरा और आत्मीयता से सराबोर हो गया। अंत में संगीत शिक्षक द्वारा प्रेरणादायक गीत गाकर शिक्षक व विद्यार्थियों की भूमिका को उत्साहित किया गया एवं शाला प्रमुख निरंजन साहू द्वारा कार्यक्रम से संबंधित आशीर्वचन दिया गया।

### शिक्षक दिवस समारोह पर गुड शेफर्ड स्कूल में गुरु वंदना

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। यह दिन महान दार्शनिक, विद्वान एवं भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पार्पण, दीप प्रज्ज्वलन विद्यालय के प्राचार्य एम निवास राव एवं उप-प्राचार्य मिताली गुरुंग द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने विविध रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह को जीवंत बना दिया। कक्षा विद्यार्थियों ने शिक्षक पर आधारित प्रेरणादायी कविताएं सुनाईं। बच्चों ने समूह गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। एक लघु नाटिका ने सभी का ध्यान आकर्षित किया, जिसमें शिक्षक-विद्यार्थी संबंधों की महत्ता का भावपूर्ण चित्रण किया गया। जेसिका, गगन, उन्नति एवं ग्रुप ने मनमोहक गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शिक्षकों को पुष्पगुच्छ, अभिनंदन पत्र और उपहार भेंटकर सम्मानित किया। प्राचार्य ने कहा कि शिक्षक ही समाज के वास्तविक निर्माता हैं। उनकी शिक्षा और मार्गदर्शन से ही विद्यार्थी अपने जीवन को सफलता और मूल्यों से युक्त बना पाते हैं। उपप्राचार्य ने कहा कि एक अच्छा शिक्षक केवल ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाता है। कार्यक्रम का संचालन हेड ब्वाय विवेक पटेल एवं हेड गर्ल इशरत बानो ने किया। इसमें भूमिका शर्मा, वंशिका, रमन, निधि का सहयोग रहा।





### खट्टी में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का हुआ सम्मान

**महासमुंद।** शिक्षक दिवस पर ग्राम पंचायत खट्टी की सरपंच अनिता मोती मेहरा एवं पंचों ने शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी एवं कन्या शाला खट्टी में पहुंचकर शिक्षकों का सम्मान किया। इस अवसर पर सरपंच ने शिक्षकों का तिलक आरती एवं लेखनी भेंट कर सम्मान किया। सरपंच अनिता मोती मेहरा ने कहा कि इंसान की प्रगति में सबसे बड़ा योगदान शिक्षक का होता है। शिक्षकों की भूमिका से ही हमारे देश का नव निर्माण हो रहा है, ऐसे गुरुओं का सम्मान करना हमारे लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रेमलाल साहू ने कहा कि शिक्षक के आशीर्वाद और उनके द्वारा दिए ज्ञान से चरित्र का निर्माण होता है। इस अवसर पर ग्राम खट्टी मोती लाल मेहरा, मिथलेश यादव, गजेंद्र साहू, पंच राम कुमार पटेल, बसंत निषाद, सुभाष शर्मा आदि शामिल हुए। कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी की प्रधान पाठिका लीना पांडे, सुचिता लकरा, त्रिवेणी चंद्राकर, देव कुमारी ध्रुव, सुनीता ध्रुव, शिक्षक अभिषेक सालोमन, भूपेंद्र चंद्राकर, उमाशंकर चंद्राकर, सिराज बक्श आदि मौजूद रहे। संचालन सिराज बक्श के द्वारा किया गया।




### दाबपाली में मनाया गया शिक्षक दिवस

**नर्रा।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत दाबपाली के जनप्रतिनिधियों सरपंच गेश पटेल तथा पंचों के द्वारा 5 सितंबर को पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न सर्व पल्ली डॉ राधा कृष्णन का जन्म दिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा ग्राम पंचायत में शिक्षक-शिक्षिका बने लोगों को शाल श्रीफल व गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया।

## गोपालपुर में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस, शिक्षकों का किया गया सम्मान

**पिथौरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोपालपुर में छात्र छात्राओं द्वारा शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान करते हुए सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन को याद कर जन्मदिवस को धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम के प्रारंभ में माता सरस्वती और डॉ राधाकृष्णन का पूजा संस्था के प्राचार्य आरएन प्रधान एवं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा किया गया। सरस्वती वंदना पश्चात सभी शिक्षकों का सम्मान पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर छात्रों ने किया। विशेष रूप से विद्यालय में भूतपूर्व मेधावी छात्र छात्राओं को आमंत्रित कर उनका सम्मान किया गया। पुराने छात्रों ने इस विद्यालय के शिक्षकों और यहां के शिक्षा पर विस्तृत वक्तव्य दिया और जीवन में शिक्षा के महत्व को बताया। शिक्षक दिवस पर प्राथमिक, माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने गीत कविता और शिक्षक दिवस की सार्थकता पर अपना भाषण दिया। शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए मनोरंजक खेल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आरएन प्रधान, टीएस ध्रुव, एलआर सिन्हा,



सुधीर प्रधान, मंजू जोशी, दामोदर यादव ने सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए आदिकाल से चले आ रहे गुरु शिष्य की परम्परा और प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में गुरुजनों की भूमिका पर प्रकाश डाला। सम्मानित होने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं में आरएन प्रधान, एलआर सिन्हा, टीएस ध्रुव, दामोदर यादव, खेमराज पटेल, सुधीर प्रधान, निराकार पटेल, राजाराम पटेल, मंजू जोशी, भागवत डड़सेना, नितिन साहू, धीरेंद्र भोई, हेमकुमारी पटेल, सिद्धेश्वरी तिवारी, ममता प्रधान, रेवती लाल साहू, कल्पना चंद्राकर, सरिता भोई, श्वेता ठाकुर,अंजलि पटेल प्रमुख थे। भूतपूर्व छात्राओं में उन्नति सोनी, रोशनी प्रधान, पूजा पटेल, केकती भोई, कंचन प्रमुख रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने छात्र संघ के स्वाति, शारदा साहू, टिकेश्वरी, शिवांजलि सेठ, रोशनी बरिहा, चंद्रिका, फूलेता, मीना निषाद, राहुल देवांगन, पंकज निषाद, ललित भोई, चुम्मन यादव, ओंकार, कौशल साहू आदि विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन छात्रसंघ अध्यक्ष स्वाति भोई एवं शारदा साहू ने किया।

## वेडनर स्कूल में शिक्षक दिवस पर छात्रों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

**महासमुंद।** वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के जन्मदिन को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शाला के मैनेजर रेव्ह फादर जार्ज कवालम एवं प्राचार्य रेव्हफादर देवानंद बाघ के कर कमलों द्वारा राधा कृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को तिलक लगाकर एवं श्रीफल देकर सम्मान किया गया। शाला के मैनेजर ने कहा कि इस संसार में लोग जिस तीव्र गति से प्रगति कर रहे हैं, वैसे ही शिक्षकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयत्नशील रहना होगा। बच्चों के भविष्य निर्माण में शिक्षकों का योगदान महत्वपूर्ण रहता है इसलिए शिक्षकों को भी कड़ी मेहनत करनी है। इसी क्रम में




प्राचार्य कहा कि शिक्षक दिवस केवल एक दिन मनाने का नहीं है, बल्कि शिक्षकों के महत्व को हर पल हर दिन समझना चाहिए। आज के परिवर्तनशील संसार में एक क्लिक करने से सब कुछ मिल जाएगा, लेकिन हम जितने भी आधुनिक बन जाए हमें शिक्षकों की जरूरत पड़ेगी ही। क्योंकि वह हमें अच्छे -बुरे, सही गलत मार्ग बताने के साथ-साथ हमें बुद्धि प्रदान करते हैं और एक श्रेष्ठ इंसान बनाते हैं, शिक्षक केवल ज्ञान ही नहीं देते बल्कि बच्चों को बुद्धि प्रदान करके एक आदर्श नागरिक तैयार करते हैं। मंच का संचालन ख्याति थवाइथ, श्रुति चंद्राकर, नम्रता साहू, ओजस्व शुक्ला, समर्थ सोलोमन, विनय सिंहा, गुरबानी कौर गुरुदत्ता द्वारा किया गया। स्वतंत्रता दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम मिनी स्टेडियम में स्काउट परेड के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अमनजोत सिंग अरोरा, साहिल बेनर्जी, सरनजोत सिंग अरोरा एवं उनकी टीम को प्रथम स्थान प्राप्त होने पर उन्हें शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### राज्यपाल पुरस्कार से डॉ ज्योति किरण हुई सम्मानित

**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ व्याख्याता डॉ ज्योति किरण चंद्राकर को 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर राजभवन में राज्यपाल द्वारा राज्य शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय पहुंचने पर शाला परिवार ने स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य जीआर सिन्हा ने हर्ष जताया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी ने किया। इस अवसर पर विमल मन्नाडे, संजय मांझी, आशीष देवांगन, हेमंत खुंटे, पूजा साहू, खेमलता कंवर, खोमन चंद्राकर, नोबल ध्रुव, अनिता साहू, तपस्या शर्मा, छाया रंगारी, चंद्रशेखर मिथलेश, कीर्तन साहू, तुलसी राम साहू, प्रज्ञा लांजेवार सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का हुआ सम्मान

शिक्षक दिवस पर हायर सेकंडरी स्कूल बेलसोंडा के रसायन शास्त्र के व्याख्याता जगदीश सिन्हा को शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार एवं नवाचार के लिए बच्चों के बीच निरंतर काम करने के लिए राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। साथ ही मिडिल स्कूल की शिक्षिका सुनीता बंजारे को जिला स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर प्राचार्य शोभा सिंहदेव, शाला विकास समिति की अध्यक्ष डॉ वाणी तिवारी, सरपंच प्रीति त्रिभुवन धीवर, अश्विनी शर्मा आदि ने हर्ष जताया है।



### सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया शिक्षक दिवस

**महासमुंद।** स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उमावि में शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आदर्श शिक्षा मंडल समिति के उपाध्यक्ष संध्या शर्मा, विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा, वरिष्ठ आचार्या मनोज साहू, शिवकुमार कन्नौजे, बलराम सेन द्वारा मां सरस्वती, ओम, भारतमाता एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छाया चित्र पर पुष्प अर्पण, तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सभी शिक्षक -शिक्षिकाओं को उपहार प्रदान कर सम्मान किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्राओं द्वारा शिक्षकों के सम्मान में मनमोहक एवं आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। इस सम्मान समारोह में शिक्षक -शिक्षिकाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें सभी शिक्षकों की सहभागिता रही। प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर छात्र- छात्राओं द्वारा उपहार से पुरस्कृत किया गया। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन कन्या भारती के अध्यक्ष योगिता ध्रुव एवं उमेश्वरी नेताम ने किया। पश्चात विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय में विराजित गणेश का हवन पूजन किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में कन्या भारती से विधि साहू, पूजा साहू, वंदना साहू, डिम्पल यादव, रीमा चंद्राकर, यामिनी साहू, भूमिका ध्रुव, उर्वशी साहू, तोषकुमारी ठाकुर, कामिनी ठाकुर, किशोर भारती से अध्यक्ष भावेश साहू, उपाध्यक्ष खेमचंद साहू, सचिव हर्ष देव खुटे, कृष्णा कोसरिया, गुलशन दास मानिकपुरी, युवराज साहू, रूद्र साहू एवं कन्या भारती एवं किशोर भारती के समस्त पदाधिकारी छात्र-छात्राओं का सहयोग सराहनीय रहा। इस कार्यक्रम की जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख पवन निर्मलकर एवं ललित सिन्हा ने दी है।

# समाज एवं देश निर्माण में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदानः सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

शिक्षक दिवस पर छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प्रवास कार्यक्रम हुआ। जिसमें बागबाहरा के सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पश्चात रेस्ट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं से भेंट की। शिशु मंदिर झलप में शिक्षक सम्मान समारोह में श्रीफल, साल पेन और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं से क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की।

अपने उदबोधन में सिन्हा ने कहा कि समाज एवं देश निर्माण में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है जो की अतुलनीय है इसलिए गुरु का स्थान गोविंद से भी ऊंचा बताया गया है। ग्राम पंचायत डूमरपाली में





छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा में माल्यार्पण किया। पिथौरा समीप ग्राम गड़बेड़ा में विभिन्न सामाज के कार्यकर्ताओं से भेंटकर पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल व्यास को याद किया। अध्यक्ष के साथ कार्यक्रम में पिथौरा नगर पंचायत के अध्यक्ष देवेश निषाद, बागबाहरा निवासी भैया जोगेंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि शम्मी सलूजा, ग्राम प्रधान भागीरथी मार्कंडेय, पूर्व जिला कार्यवाह नंदू साहू, जिला ग्राम भारती के जिला अध्यक्ष हेमलाल चंद्राकर, महासमुंद सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा, रायगढ़ लोकसभा विस्तारक वासुदेव साहू, सरपंच संघ बालक अध्यक्ष दिनेश्वर साहू, झलप सरपंच राकेश साहू, पूर्व सरपंच तुलाराम चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष गोलू चंद्राकर, लखनपुर उपसरपंच मंडल महामंत्री कमल कौशिक, विक्की शर्मा उपस्थित थे।

भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हनी गंभीर, सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य हेमंत पंडा एवं सशिमं के आचार्यगण एवं जिला मंत्री किसान मोर्चा निर्भय नायक का विशेष सहयोग रहा।

